# संपदा पदाधिकारी का कार्यालय
## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय
बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण,पटना –800014
e-mail :- estatebasu@gmail.com


पत्रांक 638 /सम्पदा / बि०प०वि०वि०, पटना                                दिनांक 22/08/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के विभिन्न बेकार सामानों / स्क्रैप एवं उपकरणों की निलामी दिनांक 10.09.2024 के अपराहन 03:00 बजे निलामी समिति के सदस्यों के समक्ष कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के परिसर में जैसे है जहाँ है की स्थिति में निम्न शर्तों पर खुली बोली / डाक द्वारा किया जाएगा।

**निलामी की शर्तें इस प्रकार हैः—**

1. सभी डाककर्त्ता को भारत सरकार द्वारा निर्गत एक पहचान पत्र जिसमें डाककर्त्ता का पता भी अंकित हो (यथा आधार कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि) के साथ 6,000 / — रूपया नगद / कैश सुरक्षा रकम जमा करना होगा।
2. सफल उच्चतम बोली बोलने वाले डाककर्त्ता एवं क्रमशः उनसे निम्न दो बोलीकर्त्ता को छोड़कर शेष डाककर्त्ता को उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा रकम निलामी समाप्ति के बाद लौटा दिया जाएगा।
3. सफल डाककर्त्ता को डाक मूल्य में से सुरक्षा रकम काटकर शेष राशि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के खाते में जमा करनी होगी। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उनके द्वारा जमा की गई जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी एवं क्रमवार द्वितीय उच्चतम बोलीकर्त्ता को उनके द्वारा बोली गई राशि जमा करने का अवसर दिया जायेगा।
4. सफल डाककर्त्ता द्वारा पूर्ण राशि जमा करने के बाद सात कार्य दिवस के अंदर सामान ले जाना अनिवार्य होगा अन्यथा 500 / — रूपया प्रतिदिन दण्ड देना होगा।
5. निलामी को रद्द या तिथि बढ़ाने का अधिकार समिति के पास होगा।
6. निलामी में भाग लेने वाले या इच्छुक लोग किसी भी कार्य दिवस में सामान का निरीक्षण कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना फार्म परिसर में कर सकते हैं।
7. उपरोक्त स्क्रैप का न्यूनतम डाक मूल्य 60,000 / — रूपया होगा।
8. उक्त निलामी किए गए सामानों पर लगने वाला किसी प्रकार का कर / टैक्स सफल बोलीकर्त्ता द्वारा भुगतान किया जाएगा।

सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना